Business Standard 13.3.12 Page. 3

मित्सुबिशी ने उतारी पजेरो स्पोर्ट

बीएस संवाददाता
नई दिल्ली, 12 मार्च

दिग्गज जापानी कंपनी मित्सुबिशी मोटर कॉर्पोरेशन ने भारत के स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) बाजार में अपनी नई पेशकश पजेरो स्पोर्ट उतारी है। ऐंबेसडर बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान मोटर्स के साथ साझेदारी में अपने वाहन उतारने वाली मित्सुबिशी फिलहाल इसे पूरी तरह तैयार (सीबीयू) हालत में आयात करेगी। लेकिन जल्द ही भारत में इसकी असेंबलिंग भी शुरू कर दी जाएगी।

मित्सुबिशी मोटर कॉर्पोरेशन के कार्यकारी अधिकारी और कॉर्पोरेट महाप्रबंधक मसाहिको युएकी ने 2.5 लीटर डीजल इंजन वाली पजेरो स्पोर्ट आज पेश की। इसकी एक्स शोरूम कीमत 23.53 लाख रुपये रखी गई है। युएकी ने भरोसा जताया कि पुरानी पजेरो, आउटलैंडर और दूसरे वाहनों की तरह इसे भी अच्छी कामयाबी मिलेगी।

हिंदुस्तान मोटर्स के निदेशक ए शंकर नारायणन ने बताया कि इसी साल सितंबर से पजेरो स्पोर्ट को सीकेडी के रूप में यहां लाकर चेन्नई संयंत्र में असेंबल किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इसके बाद एसयूवी की कीमत में कमी जरूर आएगी और उसका पूरा फायदा ग्राहकों को भी मिलेगा।'